## ब्रांडेड कंपनी का लेबल लगाकर बेच रहे थे नकली गार्मेंटस, पुलिस ने मारा छापा, 4 लाख का माल बरामद

**हेमंत शर्मा, इंदौर।** इंदौर के सदर बाज़ार थाना क्षेत्र के रामबाग में हौजरी हाऊस पर दबिश देकर 4 लाख का नकली ब्रंडेड कंपनियों का माल पुलिस ने जब्त किया है। ब्रंडेड कंपनी के लीगल सेल ने पुलिस को शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट में कार्रवाई कर दुकान संचालक सहित तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

Source: https://lalluram.com/fake-garments-were-being-sold-with-the-label-of-mp-indore-branded-company-police-raided-goods-worth-rs-4-lakh-recovered/